श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
06.08.2026
श्रावण कृष्णपक्ष अष्टमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 341

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
6.12 लाख मतदाताओं के नाम पर संकट >> पेज 03
'राह रिकॉर्ड्स' का पहला गाना 'जादूगरी' रिलीज >> पेज 05

## सुविचार

समय का सही मूल्य जानें; हर पल का लाभ उठाएं, उसका लाभ उठाएं और उसका आनंद लें। कोई आलस्य नहीं, कोई सुस्ती नहीं, कोई टालमटोल नहीं

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड मेडिको सिटी के लिए 2.84 अरब का प्रस्ताव को भेजा गया कैबिनेट

**रांची।** झारखंड को देश के प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने रांची में विश्वस्तरीय झारखंड मेडिको सिटी की स्थापना के लिए 02 अरब 84 करोड 17 लाख 24 हजार 900 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) को भेज दिया है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद परियोजना पर काम शुरू किया जाएगा। मंत्री इरफान अंसारी ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाने और मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। प्रस्तावित मेडिको सिटी में हृदय रोग, कैंसर, न्यूरोसाइंस, किडनी एवं लिवर ट्रांसप्लांट, ऑर्थोपेडिक्स, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य तथा अन्य सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि इस परियोजना से चिकित्सा शिक्षा, मेडिकल रिसर्च और रोजगार के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित होंगे तथा झारखंड पूर्वी भारत के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभरेगा। इरफान अंसारी ने बताया कि मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए देश के कई प्रतिष्ठित अस्पताल समूहों से बातचीत चल रही है।

**मानसून सत्र आज से** — **पक्ष व विपक्ष ने बनायी फुल-प्रूफ रणनीति**

# छात्र आंदोलन व भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों पर घिरेगी सरकार

**रांची।** विधानसभा सत्र को लेकर सत्ता पक्ष ने विपक्ष को मात देने की लिए रणनीति बनाई है। झारखंड विधानसभा के 06 से 12 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के पहले बुधवार को डॉ श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई। इस उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू भी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी सत्र को लेकर सत्ता पक्ष ने विपक्ष को हर मोर्चे पर घेरने और छात्र आंदोलन से जुड़े सवालों का करारा और तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तरह से फुल-प्रूफ रणनीति तैयार की गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में यह सर्वसम्मति से तय किया गया कि सदन के भीतर विपक्ष की ओर से छात्र आंदोलन और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के उठाए जाने वाले मुद्दों पर केवल बचाव की मुद्रा में रहने के बजाय आक्रामक रुख अपनाया जाएगा। सत्ता पक्ष सदन में भाजपा के पिछले शासनकाल के दौरान हुई गड़बड़ियों और उन मामलों में वर्षों से चल रही सीबीआई जांच की सुस्त रफ्तार को सदन को रखेगा। इसके साथ ही, सरकार का यह भी पक्ष मजबूती से रखा जाएगा कि छात्रवृत्ति की राशि जारी करने में केंद्र सरकार की ओर से झारखंड के साथ लगातार भेदभावपूर्ण रवैया



अपनाया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सत्ता पक्ष के सभी विधायकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी तैयारी, पुख्ता आंकड़ों और सजगता के साथ सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। छात्र आंदोलन और उसके समाधान को लेकर सरकार की ओर से गठित कमेटी के स्वरूप पर चल रही चचाओं के बीच, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट किया है। उन्होंने मीडिया के समक्ष साफ किया कि सरकार की ओर से बनाई गई इस विशेष कमेटी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के साथ सीधी वार्ता करना नहीं, बल्कि पूरे छात्र आंदोलन की गतिविधियों पर लगातार और बारीकी से नजर बनाए रखना है। वित्त मंत्री ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि प्रशासन ने अपनी मंशा और उठाए जा रहे कदमों से छात्रों को अवगत करा दिया है और कानूनी रूप से जो भी आवश्यक कार्रवाई है, वह की जा रही है। उन्होंने आंदोलन के व्यावहारिक समाधान का संकेत देते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कई बार संतुलन बनाने के लिए छात्रों को भी थोड़ा लचीला रुख अपनाना पड़ सकता है, तो वहीं सरकार भी कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। वहीं, विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस विधायक अनूप सिंह (जयमंगल सिंह) ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार या किसी भी तरह की गड़बड़ी को लेकर पूरी तरह सख्त रुख अपनाए हुए हैं। अनूप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि यदि जांच के सिलसिले में ह्यसीएम हाउसह्ण में भी छापेमारी करने की जरूरत पड़ेगी, तो प्रशासन पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस गड़बड़ी में चाहे सरकार के अंदर के लोग शामिल हों या सरकार के बाहर के, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीकर ने सदन चलाने के लिए सभी दलों से मांगा सहयोग

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र छह अगस्त से शुरू हो रहा है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस बार के मानसून सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने बुधवार को विधायी दल के नेताओं के साथ बैठक की। स्पीकर कक्ष में हुई बैठक में सदन के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, माले विधायक अरुप चटर्जी, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, जेएलकेएम के जयराम महतो सहित अन्य मौजूद थे। इस बैठक में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करने के लिए सभी विधायी दलों के नेताओं से स्पीकर की ओर से आग्रह किया गया। बैठक में मानसून सत्र के औपबंधिक कार्य दिवसों के संबंध में गहन विचार-विमर्श हुई।



विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक दल के नेताओं से कहा कि सत्र अपेक्षाकृत छोटा होने के बावजुद, हमें विचार करना चाहिए कि समय का सदुपयोग जनहित में किस प्रकार किया जा सके। बैठक में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा कराने पर विमर्श हुआ जिसका निर्णय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिये जाने पर सहमति बनी ताकि सदन के भाव के अनुरूप चर्चा के विषय निर्धारित किए जा सके। संसदीय कार्यमंत्री ने बैठक में अनुपूरक बजट पर चर्चा के समय को विस्तृत करने की भी बात कही ताकि सदस्यों को विभिन्न मुद्दों पर बात करने का पर्याप्त समय मिल सके। इसके अलावा विधायी दलों की बैठक में जेपीएससी छात्रों का आंदोलन और कृषि पर विशेष चर्चा कराने का आग्रह किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस संबंध में स्पीकर ने कार्यमंत्रणा की बैठक में इसपर निर्णय लेने की बात कही है। बैठक में छात्रों के धरना स्थल पर सरकार की ओर से एक शिष्टमंडल भेजने का आग्रह जयराम महतो ने किया। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के नेतृत्व में सरकार का प्रतिनिधि छात्रों से बात करे और 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा सहित जेएसएससी की अन्य परीक्षा को भी रद्द करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में कृषि की स्थिति पर भी विशेष चर्चा की मांग रखी गई है। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक में छात्रों के आंदोलन और सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा हुई है और स्पीकर ने कार्यमंत्रणा में निर्णय लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कोई शिष्टमंडल जाने का निर्णय करेंगे और इस संबंध में अभी फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस संबंध में जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मीडिया कर्मियों की ओर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सरकार के द्वार हमेशा खुले हुए हैं, कोई भी आकर के बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र को लेकर बैठक में चर्चा हुई है और सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है। इस बार का मानसून सत्र जेपीएससी सहित अन्य मुद्दों को लेकर हंगामेदार होने के आसार हैं। चालू वितीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट 07 अगस्त को पेश किया जाएगा। पांच दिवसीय इस सत्र के पहले दिन छह अगस्त को शोक प्रकाश के अलावा सामान्य कामकाज निपटाए जाएंगे। वहीं सात अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल के बाद चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सरकार की ओर से पेश किया जाएगा। 08 और 09 अगस्त को शनिवार और रविवार की वजह से अवकाश रहेगा। वहीं 10 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद संबंधित विनियोग विधेयक सदन से पारित कराया जाएगा। 11 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे। सत्र के अंतिम दिन 12 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा के षष्ठम (मानसून) सत्र के सुचारु प्रसारण एवं प्रकाशन के निमित्त विधान सभा के पत्रकार दीर्घा समिति के साथ भी बैठक की, जिसमें पत्रकार दीर्घा समिति के संयोजक के साथ दीर्घा समिति के अधिकतर सदस्य उपस्थित रहे।

### निषेधाज्ञा लागू

विधानसभा सत्र को लेकर जिला प्रशासन की ओर से छह अगस्त की सुबह 08 बजे से 12 अगस्त की रात 10 बजे तक निषेधाज्ञा जारी की गई है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से रांची के एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

**एसआईआर का काम पूरा, झारखंड में प्रारूप मतदाता सूची जारी**

# 5 सितंबर तक नाम जोड़ने व सुधार का मिलेगा मौका

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत 05 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची (ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल) और एएसडीडी सूची का प्रकाशन कर दिया गया। यह सूची राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आम नागरिकों के लिए उपलब्ध करा दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्थायी और महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसलिए प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक को इसमें अपना नाम अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत तैयार की जा रही मतदाता सूची भविष्य में भी एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में उपयोग की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सुधार भी कराया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्थायी और महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसलिए प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक को इसमें अपना नाम अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत तैयार की जा रही मतदाता सूची भविष्य में भी एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में उपयोग की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे 05 अगस्त से 04 सितंबर



2026 तक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सुधार भी कराया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में अब तक 02 करोड़ 21 लाख 01 हजार 249 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त और डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 83.51 प्रतिशत है, जबकि विभिन्न कारणों से करीब 43.61 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि मतदाता मोबाइल एप और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की वेबसाइट के माध्यम से अपना नाम ऑनलाइन देख सकते हैं। वेबसाइट पर एसआइआर डाफ्ट रोल 2026 और एसआइआर एएसडीडी लिस्ट 2026 लिंक उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही जिला, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र का चयन कर मतदाता संबंधित पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। एएसडीडी सूची में प्रत्येक नाम के साथ सूची में शामिल किए जाने का कारण भी अंकित है। ऑफलाइन व्यवस्था के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रारूप मतदाता सूची और एएसडीडी सूची की मुद्रित प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी इनका प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए -2), जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ), निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ ) कार्यालयों में भी सूची उपलब्ध रहेगी। के रवि कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम और विवरण जांचें और अपने परिवार, पड़ोस, मित्रों और अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं त्रुटियों के सुधार के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा आपत्ति की प्रक्रिया 05 अगस्त से 04 सितंबर तक चलेगी। इसके बाद 05 अगस्त से 03 अक्टूबर तक नोटिस, सुनवाई और सत्यापन की कार्रवाई होगी। अंतिम मतदाता सूची 07 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना नोटिस जारी किए और कारणयुक्त आदेश पारित किए किसी भी मतदाता का नाम प्रारूप मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। यदि किसी मतदाता को किसी निर्णय पर आपत्ति होगी तो उसे अपील करने का भी पूरा अधिकार रहेगा।



# सीसीएल के समाधान शिविर में कर्मचारियों ने रखी समस्याएं

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशालय की ओर से बुधवार को अरगडा क्षेत्र में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कर्मचारियों ने अपनी सेवा संबंधी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रबंधन के समक्ष रखीं। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना था। शिविर की अध्यक्षता समाधान प्रकोष्ठ के मुख्य प्रबंधक गौतम चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कर्मचारियों ने आवास (क्वार्टर) अनुरक्षण, पदोन्नति, सेवा संबंधी लंबित मामलों सहित अन्य समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष रखा।

सीसीएल प्रबंधन ने कहा कि समाधान शिविर कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, जवाबदेह प्रशासन और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अधिकारियों ने शिकायतों की समीक्षा करते हुए संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया और अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर कर्मचारियों को तत्काल राहत प्रदान की। जिन मामलों में विस्तृत प्रक्रिया की आवश्यकता थी, उन्हें नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई के लिए दर्ज किया गया।

इस अवसर पर अरगडा क्षेत्र के स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) तेजविंदर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं नोडल अधिकारी समाधान सेल ऋचा टाइटस, स्टाफ अधिकारी (सिविल), सभी इकाइयों के मानव संसाधन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### खलारी से लापता बच्चे मिले पलामू में, एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र से एक साथ लापता हुए तीन बच्चों को पलामू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया है। इस दौरान बच्चों के साथ मौजूद एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के बाद बच्चों और आरोपित को आगे की कार्रवाई के लिए खलारी थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, खलारी थाना क्षेत्र के सुभाष नगर टीएच कॉलोनी स्थित भुईयां टोली निवासी तीनों बच्चे रविवार की शाम खेलते-खेलते अचानक लापता हो गए थे। बच्चों के गायब होने के बाद परिजनों की सूचना पर खलारी थाना पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच खलारी पुलिस से मिली सूचना के आधार पर हैदरनगर थाना पुलिस ने बुधवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में बरेवा गांव निवासी रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपित मंगलवार की रात रांची-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस से तीनों बच्चों को लेकर यात्रा कर रहा था। सटीक सूचना मिलने पर हैदरनगर थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर बच्चों को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना तत्काल खलारी थाना पुलिस को दी गई। बुधवार की शाम खलारी थाना की टीम हैदरनगर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों बच्चों और गिरफ्तार युवक को अपने साथ रांची ले गई। बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी और हुसैनाबाद के एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला हैदरनगर थाना पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और पुलिस टीम की कार्रवाई की समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बच्चों के लापता होने के कारणों और आरोपित की भूमिका की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की संभावना है।

**पहल** मुख्यमंत्री आंदोलनरत छात्रों से वार्ता को तैयार

# सरकार ने छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी), झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) तथा अन्य प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आंदोलनरत छात्रों को राज्य सरकार ने वार्ता का प्रस्ताव दिया है। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अपर जिलाधिकारी (एडीएम-लॉ एंड ऑर्डर) धरनास्थल पहुंचे और छात्र प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से बातचीत का निमंत्रण सौंपा। प्रशासन की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री ने शाम चार बजे मुख्यमंत्री आवास पर छात्र प्रतिनिधियों के साथ बैठक प्रस्तावित की है। इसके तहत पांच छात्र प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया, ताकि आंदोलनकारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान की दिशा में पहल की जा सके। हालांकि, आंदोलनरत छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास जाकर वार्ता करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उनका कहना था कि यह किसी पांच व्यक्तियों का निजी मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे राज्य के प्रतियोगी छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा जनआंदोलन है। इसलिए यदि सरकार वास्तव में समाधान चाहती है तो मुख्यमंत्री स्वयं धरनास्थल पर आकर सभी छात्रों के बीच खुली बातचीत करें। छात्रों ने कहा कि केवल वार्ता का निमंत्रण देना पर्याप्त नहीं है। सरकार को 14वीं जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, टीडीपीएल तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा आंदोलन के दौरान उठाई गई मांगों पर ठोस कार्रवाई का स्पष्ट आश्वासन देना होगा। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर स्पष्ट निर्णय लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना, सत्याग्रह और आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि यह संघर्ष केवल कुछ अभ्यर्थियों का नहीं, बल्कि झारखंड के लाखों युवाओं और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के भविष्य का प्रश्न है। छात्रों ने यह भी कहा कि सरकार यदि संवाद के माध्यम से समाधान चाहती है तो बंद कमरे में सीमित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बजाय सार्वजनिक रूप से धरनास्थल पर आकर सभी आंदोलनरत छात्रों के समक्ष अपना पक्ष रखे। उनका मानना है कि इससे सरकार की मंशा स्पष्ट होगी और आंदोलन में शामिल सभी अभ्यर्थियों का विश्वास भी कायम रहेगा। उल्लेखनीय है कि भर्ती परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थी 29 जुलाई से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे हैं। आंदोलनकारी परीक्षाओं को रद्द कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रणाली लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



### सोनम वांगचुक की अपील पर देवेंद्र ने तोड़ा निर्जला अनशन, आंदोलन रहेगा जारी



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को पानी पीकर अपना निर्जला अनशन समाप्त कर दिया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका अनिश्चितकालीन अनशन और आंदोलन पहले की तरह जारी रहेगा। बताया गया कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार को वीडियो कॉल के माध्यम से देवेंद्र नाथ महतो से लंबी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने महतो के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उन्हें पानी पीने की सलाह दी, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और आंदोलन भी निरंतर चलता रहे। वांगचुक की अपील के बाद महतो ने जल ग्रहण कर अपना निर्जला अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि अब वे पानी का सेवन करेंगे, लेकिन अनशन जारी रहेगा। इधर, चिकित्सकों की एक टीम धरना स्थल पर पहुंचकर देवेंद्र नाथ महतो के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। देवेंद्र नाथ महतो के साथ महेंद्र मंडल भी अनशन पर बैठे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आंदोलन में शामिल ब्रह्मानंद कुमार अब भी खुले में निर्जला अनशन पर डटे हुए हैं। उन्होंने अब तक पानी का सेवन नहीं किया है। बुधवार को उनके निर्जला अनशन का चौथा दिन है।

### जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती विवाद पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को लोक भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की नियुक्ति प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं तथा इसके विरोध में रांची में चल रहे छात्र आंदोलन की जानकारी राज्यपाल को दी। बैठक के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और युवाओं का विश्वास हर हाल में कायम रहना चाहिए। राज्यपाल ने कथित अनियमितताओं को गंभीर विषय बताते हुए कहा कि आयोगों की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए, जिससे उनकी पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न न लगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

### युवाओं को नशे से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : राज्यपाल



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि नशा केवल किसी व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि उसके स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को प्रभावित करने वाली गंभीर सामाजिक समस्या है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से युवाओं को नशे और ड्रग्स जैसी घातक प्रवृत्तियों से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्यपाल बुधवार को लोक भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'दस करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कई दशकों से आध्यात्मिक जागरण, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, मानसिक शांति और राजयोग के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में संस्थान का यह अभियान समयानुकूल और सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति संयम, आत्मानुशासन और सात्विक जीवन का संदेश देती है। व्यक्ति जब अपने मन पर नियंत्रण स्थापित कर लेता है, तो वह किसी भी प्रकार के व्यसन से स्वयं को दूर रख सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान, योग और सकारात्मक चिंतन व्यक्ति में आत्मविश्वास, इच्छाशक्ति और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करते हैं तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान' का उद्देश्य नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। विकसित भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है कि देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त हो तथा नशे और मादक पदार्थों से पूरी तरह दूर रहे। राज्यपाल ने कहा कि नशामुक्ति केवल सरकार या किसी एक संस्था का दायित्व नहीं है। इसमें परिवार, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, सामाजिक संगठन, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्थाएं, मीडिया और समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों से शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को नशे और ड्रग्स के दुष्परिणामों के प्रति नियमित रूप से जागरूक करने तथा अपने परिसरों में नशामुक्ति अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू), प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रतिनिधियां तथा लोक भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**झारखंड के छह जिलों में ही सामान्य वर्षा, 6 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट**

# 18 जिलों में सामान्य से कम बारिश



**रांची।** झारखंड में इस मानसून सीजन में अब तक बारिश सामान्य से कम रही है। मौसम विभाग के अनुसार, एक जून से पांच अगस्त तक राज्य के 24 में से केवल छह जिलों में ही सामान्य वर्षा दर्ज की गई है, जबकि 18 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। सामान्य वर्षा वाले जिलों में रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां और धनबाद शामिल हैं। वहीं चतरा, गढ़वा, गिरिडीह, पलामू, कोडरमा और हजारीबाग में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 62 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य में अब तक सामान्य 559.8 मिलीमीटर वर्षा के मुकाबले 408 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 27 प्रतिशत कम है। विभाग के मानकों के अनुसार, सामान्य वर्षा से 19 प्रतिशत तक की कमी को सामान्य श्रेणी माना जाता है, जबकि इससे अधिक कमी होने पर वर्षा सामान्य से कम मानी जाती है।

मौसम विभाग ने छह अगस्त को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं नौ अगस्त तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा की आशंका के मद्देनजर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 166.4 मिलीमीटर बारिश गोड्डा में दर्ज की गई। इसी अवधि में सबसे अधिक तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में और सबसे कम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे तथा कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 35.4 और न्यूनतम 26.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34 और न्यूनतम 24.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.1 और न्यूनतम 26.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.8 और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



# पुत्र अक्षत ने दी मुखाग्नि, पैरोल पर पहुंचीं पत्नी रिया

## पुलिस सुरक्षा के बीच सुजीत सिन्हा का अंतिम संस्कार

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** जामताड़ा में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए झारखंड के चर्चित गैंगस्टर सुजीत सिन्हा का अंतिम संस्कार बुधवार को पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र स्थित पैतृक गांव मरहा पथरा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उनकी पत्नी रिया सिन्हा को न्यायालय से एक दिन की पैरोल मिली। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में चाईबासा जेल से गांव लाया गया। सुबह से ही अंतिम दर्शन के लिए गांव में ग्रामीणों, रिश्तेदारों और परिचितों की भीड़ जुटी रही। पति के पार्थिव शरीर के पास पहुंचते ही रिया सिन्हा भावुक हो उठीं, जबकि 12 वर्षीय पुत्र अक्षत कुमार सिन्हा भी अपने पिता को अंतिम बार देखकर रो पड़ा। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कररबार नदी घाट पर अंतिम संस्कार की सभी रस्में पूरी की गईं, जहां पुत्र अक्षत कुमार सिन्हा ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।

अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हुसैनाबाद से मरहा पथरा गांव और कररबार नदी घाट तक बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। सुरक्षा के व्यापक इंतजामों के बीच अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे गांव में शोक का माहौल रहा और अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली।

**न्यूज अपडेट्स**

## नावाबाजार के सीओ पर अवैध वसूली का आरोप, डीसी से जांच व कानूनी कार्रवाई की मांग

**नावा बाजार :** पलामू जिले के नावाबाजार अंचल की सीओ रेणू बाला एवं उनके एक कथित सहयोगी सदाम हुसैन पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाते हुये कई टिपर एवं ट्रैक्टर मालिकों ने डीसी को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में पंकज कुमार यादव, हरिवंश यादव, सुधीर गुप्ता, मिथिलेश यादव, अनिल यादव एवं ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य वाहन मालिकों ने आरोप लगाया है कि वे छरी परिवहन का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि सीओ द्वारा उनसे प्रतिमाह दस हजार रुपये अवैध राशि की मांग की जाती थी और सरकारी पदाधिकारी के भय एवं दबाव में वे लंबे समय तक राशि देते रहे हैं। आवेदन के अनुसार मिथिलेश यादव से पहले डेढ़ लाख रुपये की मांग की गई, जिसमें 4 जुलाई 2026 को नगद राशि देने तथा 50 हजार रुपये सहयोगी के मोबाईल नंबर पर ऑनलाईन भेजने का दावा किया गया है। इसके अलावा 3 अगस्त 2026 को भी एक लाख रुपये नगद लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कथित सहयोगी के मोबाईल से फोन कर उन्हें अंचल कार्यालय बुलाया जाता था और भय व दबाव बनाकर पैसे की वसूली की जाती थी। उन्होंने डीसी से संबंधित मोबाईल नंबरों एवं बैंक/यूपीआई लेन-देन की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने सीओ के विरुद्ध छह अगस्त को धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। उधर बीडीओ सह सीओ रेणु बाला ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि गलत आरोप लगाया जा रहा है।

**पलामू** 4 सितंबर तक करें दावा और आपत्ति : डीसी

# 6.12 लाख मतदाताओं के नाम पर संकट

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में एसआईआर 2026 के तहत जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 6,12,247 मतदाताओं के नाम सत्यापन के दायरे में आ गए हैं। इनमें 2,65,651 मतदाता मृत, अनुपस्थित अथवा स्थायी रूप से स्थानांतरित श्रेणी में हैं, जबकि 3,46,596 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से सत्यापन के लिए चिह्नित किए गए हैं। इन सभी मामलों में 4 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। उक्त जानकारी डीआरओ सह डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि 5 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में जिले के कुल 14,99,296 मतदाता शामिल हैं, जबकि विशेष पुनरीक्षण से पहले यह संख्या 17,64,947 थी। दावा-आपत्ति के निष्पादन के बाद 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

डीसी ने बताया कि 20 जून से शुरू हुए एसआईआर अभियान में मतदाता प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, स्वयंसेवकों एवं प्रशासनिक टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अब प्राप्त आंकड़ों का सूक्ष्म सत्यापन किया जा रहा है ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि डालटनगंज विधानसभा में 65,320, हुसैनाबाद में 54,018, पांकी में 51,591, विश्रामपुर में 47,813 तथा छतरपुर में 46,909 मतदाता श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। जिले में 40,822 मृत, 70,485 अनुपस्थित तथा 1,12,428 स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता भी चिन्हित हुए हैं। वहीं मतदान केंद्रों की संख्या 1,796 से बढ़ाकर 2,032 कर दी गई है। प्रेस वार्ता में एसी कुंदन कुमार, एसडीओ संजय पांडेय, डीटीओ प्रमोद कुमार दास सहित हुसैनाबाद एवं छतरपुर के एसडीओ भी उपस्थित थे।



## मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन पर सर्वदलीय बैठक, डीसी ने राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** डीआरओ सह डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एसआईआर-2026 के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए सभी दलों से विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। डीसी ने बताया कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 2032 मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसके अनुसार जिले में कुल 14,99,296 मतदाता हैं, जिनमें 7,78,456 पुरुष, 7,20,839 महिला तथा 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। 15 अगस्त को ग्राम सभाओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान तथा 25 अगस्त से 4 सितंबर तक होम-टू-रोल सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को होगा। बैठक में डीडीसी, एसडीएम संजय पांडेय, एसी कुंदन कुमार, आजसू के बीकेश शुक्ला, इम्तियाज अहमद नजमी, झामुमो नेता सोनू सिद्दीकी, राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, कांग्रेस के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## फायरिंग करने वाला आरोपित गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद



**रमना :** थाना क्षेत्र के सिलीदाग गांव में हथियार लहराकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा एवं 315 बोर की एक मिसफायर गोली बरामद की गई है। मामले में रमना थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि सिलीदाग गांव में एक व्यक्ति हथियार दिखाकर शिकायतकर्ता को धमका रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई अवधेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपित भागने लगा और हथियार लहराते हुये गोली चला दी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा तथा 315 बोर की एक मिसफायर गोली बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान सिलीदाग निवासी आनंद सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित बरामद हथियार से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## विधिक जागरूकता शिविर, स्थायी लोक अदालत की दी गई जानकारी




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक गढ़वा शाखा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को स्थायी लोक अदालत एवं नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। शिविर के मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों, जैसे नगर परिषद के अधीन सड़क, नाली, गली, साफ-सफाई आदि के विवादों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत में बिना मुकदमा दर्ज किए केवल आवेदन के आधार पर किया जाता है। स्थायी लोक अदालत के सदस्य मनोज कुमार दुबे ने सड़क अतिक्रमण, डाक-तार सहित जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन की जानकारी दी। वहीं सदस्या मिस तृप्ति ने जल, वायु, सड़क, अस्पताल तथा अन्य जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों के नि:शुल्क समाधान की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने बताया कि बैंकिंग, बीमा, वित्त, परिवहन, अस्पताल सहित विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का भी स्थायी लोक अदालत में सरल एवं नि:शुल्क तरीके से निपटारा किया जाता है। पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक ने कहा कि उनकी शाखा में लगभग 90 हजार ग्राहक हैं और सभी को बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर पीएलवी अनुराग उपाध्याय, रामकुमार, बैंक के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बोल बम के जयकारों के बीच कांवड़ियों का जत्था देवघर रवाना



**बरडीहा :** प्रखंड के सुखनदी गांव में सावन माह की भक्तिमय छटा के बीच बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवड़ियों के जत्थे को बीडीओ-सह-सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूरा गांव हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के आमंत्रण पर गांव पहुंचे बीडीओ ने सबसे पहले स्थानीय देवी मंडप में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने कांवड़ियों के जत्थे को पवित्र ध्वज दिखाकर देवघर यात्रा के लिये विदा किया। इस वर्ष कांवड़िया दल में महिला एवं पुरुष मिलाकर 21 श्रद्धालु शामिल हैं। सभी श्रद्धालु पहले सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुये बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर जाएंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। मौके पर बीडीओ ने कांवड़ियों की सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ यात्रा पूरी करें। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। प्रशासन हर संभव सहायता के लिये तत्पर है। कांवड़ियों की विदाई के दौरान सुखनदी गांव पूरी तरह शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देने और विदा करने के लिये सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**मझिआंव के 68 और बरडीहा के 36 बूथों पर प्रकाशित हुई प्रारूप मतदाता सूची**

# एक अक्तूबर तक नाम जुड़वा सकते हैं नये मतदाता

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत बुधवार को मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इसके साथ ही 5 अगस्त से 4 सितंबर तक चलने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की औपचारिक शुरूआत हो गई। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर सूची में नाम की जांच करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन देने की अपील की है। प्रखंड मुख्यालय के अलावा मझिआंव प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 68 मतदान केंद्रों तथा बरडीहा प्रखंड के 36 मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है। अभियान के तहत ऐसे युवक-युवतियां, जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर नये मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। यह सुविधा ऑनलाईन भी उपलब्ध है। वहीं यदि किसी परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं तो फॉर्म-8 के माध्यम से उन्हें एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराया जा सकता है। मतदाताओं की सुविधा के लिये सभी मतदान केंद्रों पर 8 एवं 9 अगस्त तथा 22 एवं 23 अगस्त को विशेष शिविर लगाये जाएंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को सभी पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी जायेगी। बीडीओ-सह-सीओ श्रीमती कनक तथा बरडीहा के बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह ने नागरिकों से ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम अनिवार्य रूप से जांचने तथा पात्र नये मतदाताओं से समय पर नाम जुड़वाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# मेराल में पारंपरिक रूप से ताजिया, सिपड़ व दुलदुल के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस



### युवकों ने साहसिक करतबों ने किया आकर्षित, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** चेहल्लुम पर्व के अवसर पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के कई गांवों में अकीदत और धार्मिक श्रद्धा के साथ पारंपरिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मकुना, बाजार टोला, पूवार्रा टोला, दिलबोध टोला, चरकापत्थर, गोंदा, लगमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से ताजिया, सिपड़ और दुलदुल के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल होकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुये मातम करते नजर आये। सभी जुलूस थाना चौक पर पहुंचे जहां पारंपरिक मिलनी के बाद विशाल मातमी जुलूस एनएच-39 से चरकापत्थर स्थित नूरी मस्जिद के समीप पहुंचा। यहां युवाओं ने पारंपरिक साहसिक एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके उपरांत सामूहिक पहलाम कर कर्बला में फातिहा पढ़ी गई और शहीद-ए-कर्बला को याद किया गया। चेहल्लुम का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल बनकर उभरा। जुलूस का नेतृत्व युवा नेता अतहर अली, सदर मुख्तार अंसारी, मकसूद अंसारी, वाजुद्दीन अंसारी, मौलाना यासीन, हजरत अंसारी, असलम, निजामुद्दीन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने किया। पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना पुलिस और दंडाधिकारी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।

## न्यूज अपडेट्स

### 16 को होगी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पलामू की जिला बैठक

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, पलामू की जिला स्तरीय बैठक अब 16 अगस्त को जेलहाता में स्थित शांति पैलेस में होगी। इस आशय की जानकारी महासभा के जिला अध्यक्ष राजा पाठक ने कोर कमेटी की बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित 9 अगस्त की बैठक को स्थगित कर दिया गया है, अब 16 अगस्त को 11 बजे दिन से होगी। बैठक में पलामू जिले के सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान संगठन विस्तार, समिति गठन एवं विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की।

### गैस उपभोक्ता करायें अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी

**रमना :** भारत गैस एजेंसी के कार्यालय प्रबंधक किशोर कुमार ने गैस उपभोक्ताओं से अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार वैसे सभी लाभुकों जो अभी तक केवाईसी नहीं कर सके हैं, वैसे लाभुक 16 अगस्त तक हर हाल में अपना केवाईसी सत्यापन पूरा कराना होगा। जो उपभोक्ता तय समय सीमा के भीतर इस प्रक्रिया को पूरा नहीं करेंगे, उन्हें भविष्य में रसोई गैस सब्सिडी के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। साथ ही उनका गैस कनेक्शन भी ब्लॉक किया जा सकता है। प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि केवाईसी की यह प्रक्रिया सोमवार को छोड़कर अन्य सभी दिनों में कार्यालय अवधि के दौरान पूरी की जायेगी।

**गढ़वा** | **प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित**

# चार सितंबर तक दर्ज होंगे दावा-आपत्ति

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत बुधवार को जिले की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इस अवसर पर जिला समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों के साथ बैठक सह प्रेस ब्रीफिंग आयोजित हुई। डीसी ने बताया कि आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। 30 जून से 29 जुलाई तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं गणना प्रपत्र संग्रहित किया। प्राप्त प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन के बाद पात्र मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। नये नाम जोड़ने, नाम विलोपन, संशोधन और स्थानांतरण से संबंधित आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। सभी दावों के निष्पादन के बाद 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। बैठक में बताया गया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के बाद गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 455 से बढ़कर 488 तथा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 502 से बढ़कर 516 हो गई है। गढ़वा में 33 और भवनाथपुर में 14 नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं। पुनरीक्षण कार्य के लिये जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 1004 मतदान केंद्रों का दायित्व 2 ईआरओ, 6 एईआरओ और 9 अतिरिक्त एईआरओ सहित कुल 17 अधिकारियों को सौंपा गया है। डीसी ने राजनीतिक दलों से प्रारूप मतदाता सूची का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर निर्धारित अवधि में दावा-आपत्ति दर्ज कराने तथा मीडिया से इसकी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, एसडीओ-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण एवं प्रभाकर मिर्धा, सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड कार्यालय पर बुधवार को कल्याण विभाग द्वारा सत्र 2026-27 के तहत वर्ग 8 के एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 282 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। वितरण प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने किया। लाभुकों में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकड़ी (19), मध्य विद्यालय घटहुआ कला (22), मध्य विद्यालय पतरिया (45), मध्य विद्यालय बतो खुर्द (32), कन्या मध्य विद्यालय कांडी (18), उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौबे माझीआवा (76), मध्य विद्यालय चटनियां (46) तथा मध्य विद्यालय खुटहरिया (24) के छात्र-छात्राएं शामिल है उस दौरान। प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों के बीच निःशुल्क रूप से दी जाने वाली साइकिल से प्रखंड के कई सुदूरवर्ती इलाकों से छात्र-छात्राएं साइकिल से ससमय विद्यालय पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर योग बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के लिये पुस्तक, ड्रेस, छात्रवृत्ति, साइकिल, बैग निःशुल्क रूप से वितरण किया जा रहा है। ताकि गरीब मजदूर किसान के बच्चे पढ़ लिखकर अपना भविष्य को उज्जवल बना सकें। मौके पर छठी प्रसाद के अलावें विद्यालय के कई प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### आवास योजना में अवैध राशि मांगने के आरोप में प्रखंड समन्वयक कार्यमुक्त



**गढ़वा :** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़े कार्य के एवज में कथित रूप से अवैध राशि मांगने के आरोप में खरौंधी प्रखंड के प्रखंड समन्वयक कुमार शानु केशरी को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुये एक वीडियो के बाद जिला प्रशासन ने की है। जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें प्रखंड समन्वयक कुमार शानु केशरी पर प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य कराने के बदले एक पंचायत सहायक से अवैध राशि मांगने का आरोप लगाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुये जिला प्रशासन ने 3 अगस्त को उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुमार शानु केशरी द्वारा प्रस्तुत लिखित स्पष्टीकरण का परीक्षण किया गया, लेकिन वह संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन के बदले किसी भी सरकारी कर्मी द्वारा अवैध राशि की मांग करना गंभीर अनुशासनहीनता है। यह सरकारी सेवा के मूल दायित्वों एवं नैतिक मूल्यों के विपरीत है। ऐसे कर्मी को पद पर बनाये रखने का कोई औचित्य नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन में भ्रष्टाचार, अनियमितता अथवा अवैध वसूली किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### जल संरक्षण के प्रति जागरूक हुये ग्रामीण, वर्षा जल संचयन अपनाने का किया आह्वान




**गढ़वा :** मिशन निदेशक जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड के निर्देश पर बुधवार को रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत अंतर्गत खुरा गांव में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि संतोष तिवारी, कंचनपुर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं उपमुखिया ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व तथा जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति जिम्मेदार बनना होगा। साथ ही जल के समुचित उपयोग एवं वर्षा जल संचयन को अपनाने का आह्वान किया गया। ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के महत्व को समझते हुये इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जल बचाने और भविष्य की पीढ़ियों के लिये सुरक्षित जल संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक नवनीत कुमार उपाध्याय एवं अनुज श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन अनुज श्रीवास्तव ने किया। मौके पर रंका के कनीय अभियंता अंकित कुमार, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जल जीवन मिशन के कर्मी तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पत्नी को डंडे से पीटकर किया घायल

**गढ़वा :** शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित देवी धाम के समीप मंगलवार की रात एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। किराये के मकान में रह रही 35 वर्षीय अनीता देवी को उसके पति पिंटू कुमार ने डंडे से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लहुलूहान अवस्था में महिला को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता अनीता देवी मूल रूप से धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी गांव की रहने वाली है, जिसकी शादी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले (मेवरपुर) निवासी पिंटू कुमार के साथ हुई थी। पिंटू गढ़वा में राजमिस्त्री का काम करता है और पिछले तीन सालों से पत्नी व तीन मासूम बच्चों को बेसहारा छोड़कर अलग रह रहा था। अनीता खुद मजदूरी कर बच्चों का पेट पाल रही थी। पीड़िता के अनुसार मंगलवार रात करीब 10 बजे पिंटू अचानक उसके कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खोलते ही उसने बिना कुछ कहे डंडे से अंधाधुंध हमला कर दिया। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गये। चीख-पुकार सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित महिला ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर आरोपी पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

**लेस्लीगंज व शहर थाना पुलिस की कार्रवाई, फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी**

# चोरी की बाइक, लोडेड कट्टा व सोने का लॉकेट बरामद

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक, लोडेड देशी कट्टा और चोरी का सोने का लॉकेट बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार लेस्लीगंज थाने की पुलिस ने साहद गांव के एक नवनिर्मित मकान में कुछ युवक नशापान करने की गुप्त सूचना मिलने पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखते ही दो युवक फरार हो गए, जबकि राहुल कुमार भुईयां और प्रिंस कुमार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से बिना नंबर प्लेट की एक चोरी की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बाइक कुलदीप भुईयां और जितेंद्र भुईयां, निवासी अखौरी पतरा द्वारा डालटनगंज से चोरी की गई थी और बिक्री के उद्देश्य से छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल की जांच की तो हथियार के साथ उनकी तस्वीरें मिलीं। इसके आधार पर घर में छापेमारी कर उनकी निशानदेही पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है, जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। कार्रवाई में लेस्लीगंज एसडीपीओ, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सअनि हरेन्द्र पासवान एवं पुलिस बल के लोग शामिल थे। इधर, शहर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए चैनपुर थाने के शाहपुर निवासी सरफराज उर्फ छोटू कुरैशी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया सोने का लॉकेट बरामद कर जब्त कर लिया गया। यह मामला शहर थाना कांड से जुड़ा है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।



## 'राह रिकॉर्ड्स' का पहला गाना 'जादूगरी' रिलीज, अमन ने बिखेरा जादू

यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) के नए म्यूजिक लेबल 'राह रिकॉर्ड्स' ने अपनी पहली आधिकारिक पेशकश के तौर पर गायक-गीतकार अमन का ओरिजिनल गीत 'जादूगरी' रिलीज कर दिया है। मौलिक कलाकारों और स्वतंत्र संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस लेबल की घोषणा के एक दिन बाद ही इसका पहला गाना सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर जारी किया गया। गीत को अमन ने लिखा और अपनी आवाज भी दी है। 'जादूगरी' एक भावनात्मक गीत है, जो प्यार, बिछड़ने और उन अनकहे एहसासों की कहानी कहता है, जिनकी अहमियत अक्सर रिश्ता टूटने के बाद समझ आती है। गीत ऐसे व्यक्ति की भावनाओं को सामने लाता है, जिसे बहुत देर से एहसास होता है कि उसने अपने साथी के प्यार और साथ को सहज मान लिया था। दिल को छू लेने वाले बोल और मधुर धुन इस गीत को खास बनाते हैं। इसके म्यूजिक वीडियो में अमन के साथ अभिनेत्री शिवांगी नेगी नजर आ रही हैं, जहां दोनों के रिश्ते के खूबसूरत पलों के साथ भावनात्मक दूरी को भी संवेदनशील ढंग से दिखाया गया है। 'जादूगरी' के साथ अमन ने राह रिकॉर्ड्स के तहत अपने संगीत सफर की भी शुरूआत की है। लेबल के प्रतिभा विकास कार्यक्रम के तहत पिछले एक वर्ष से अमन के साथ रचनात्मक रूप से काम किया गया, ताकि उनकी गीत लेखन शैली और संगीत पहचान को और मजबूत बनाया जा सके। इस मौके पर अमन ने कहा कि यह गीत उन रिश्तों की कहानी है, जिनमें लोग देर से समझ पाते हैं कि छोटी-छोटी बातें और अनकहे जज्बात ही सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह गीत लोगों को अपने प्रियजनों की कद्र करने का संदेश देगा।

## ऑडियो लॉन्च के साथ चर्चा में 'विश्वनाथ एंड संस', 14 अगस्त को होगी रिलीज



अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म 'विश्वनाथ एंड संस' का ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम तमिलनाडु के कोयंबटूर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर निर्देशक वेंकी अटलुरी, संगीतकार जी. वी. प्रकाश कुमार और फिल्म की पूरी स्टारकास्ट भी मौजूद रही। समारोह के दौरान फिल्म का संगीत आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया।
'विश्वनाथ एंड संस' 14 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' को बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता मिली थी। ऐसे में उनकी इस नई फिल्म को लेकर भी दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिलीज होने वाली प्रमुख फिल्मों में 'विश्वनाथ एंड संस' को भी अहम माना जा रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 'विश्वनाथ एंड संस' के बाद सूर्या निर्देशक जीतू माधवन की फिल्म 'एस47' में नजर आएंगे। इसके अलावा वह निर्देशक टी. जे. ज्ञानवेल की आगामी फिल्म और होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली एक नई परियोजना का भी हिस्सा हैं।

## भोपाल : ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक में पहले दिन क्रिएटिव इकोनॉमी और संस्कृति आधारित सतत विकास पर हुई चर्चा



# गिरफ्तारी या मौत का खतरा भी नहीं रोक सकता, दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी : शेख हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो वर्षों के अंतराल के बाद बुधवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से वर्चुअल माध्यम से देश और दुनिया को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि वह हर हाल में बांग्लादेश लौटेंगी, चाहे उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाए या उनकी जान को खतरा ही क्यों न हो।
शेख हसीना ने यहां फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया (एफसीसीएसए) में आयोजित वर्चुअल ऑडियो माध्यम से संवाद में लगभग 25 मिनट तक अपना संबोधन दिया। सुरक्षा कारणों से उनका कैमरा बंद रखा गया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों के भी जवाब दिए। उन्होंने कहा कि उनकी वापसी सत्ता प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश को लोकतंत्र, विकास और धर्मनिरपेक्षता के मार्ग पर वापस लाने के लिए होगी। उन्होंने संकेत दिया कि वह दिसंबर में अपने देश लौटना चाहती हैं, हालांकि अंतिम तिथि की घोषणा बाद में करेंगी। साथ ही उन्होंने मौजूदा अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस को ह्लअवैधह्व करार देते हुए उन पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने, अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने तथा देश को अराजकता की ओर धकेलने का आरोप लगाया।
अपने संबोधन में शेख हसीना ने कहा, मुझे पता है कि वे मुझे जेल में डाल सकते हैं या मार भी सकते हैं, फिर भी मैं बांग्लादेश वापस जाऊंगी। लोगों का समर्थन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मौत की सजा, झूठे मुकदमे और दिखावटी सुनवाई मुझे डरा नहीं सकती। मेरे खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई गैरकानूनी, असंवैधानिक और राजनीतिक मकसद से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी कई बार राजनीतिक उत्पीड़न का सामना कर चुकी हैं, लेकिन हर बार अपने देश लौटी हैं और इस बार भी लौटेंगी। भय उनके कर्तव्य का निर्धारण नहीं कर सकता और बांग्लादेश लोकतंत्र का हकदार है।
उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी इच्छा से बांग्लादेश नहीं छोड़ा था। अगस्त 2024 में जब प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे, तब उनके पास वहां से निकलने के लिए केवल 30 से 40 मिनट का समय था। उन्होंने कहा, मुझे उस समय यह भी नहीं पता था कि मैं देश छोड़ रही हूं। मैं तो अपने पैतृक गांव तुंगीपाड़ा जाने की तैयारी कर रही थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि मुझे देश छोड़ना पड़ा।
शेख हसीना ने कहा कि पिछले दो वर्षों से वह अपने प्रिय बांग्लादेश को लगातार पीड़ा में देख रही हैं। उनके अनुसार आज का बांग्लादेश वह नहीं है, जिसके लिए 1971 के मुक्ति संग्राम में लाखों लोगों ने बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि देश में भय का वातावरण है और लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। उन्होंने जुलाई-अगस्त 2024 के आंदोलन को लेकर कहा कि यह कोई स्वतःस्फूर्त छात्र आंदोलन नहीं था। उनके अनुसार उनकी सरकार ने शुरूआत से ही संवाद, कानूनी प्रक्रिया और धैर्य के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया था। घटनाओं की जांच के लिए न्यायिक आयोग का भी गठन किया गया था, लेकिन सुधार की मांग की आड़ में कुछ संगठित समूहों ने छात्र आंदोलन को हिंसक राजनीतिक अभियान में बदल दिया।
शेख हसीना ने कहा कि वर्तमान अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने स्वयं स्वीकार किया था कि यह आंदोलन अत्यंत सुनियोजित था और इसके पीछे एक मास्टरमाइंड था। यूनुस के अपने बयान ही यह साबित करते हैं कि यह आंदोलन अचानक शुरू नहीं हुआ था, बल्कि पर्दे के पीछे से संचालित किया गया था ताकि लोकतांत्रिक चुनाव के बजाय दूसरे रास्ते से सत्ता हासिल की जा सके। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान 450 से अधिक पुलिस थानों को आग के हवाले कर दिया गया, सरकारी इमारतों पर हमले हुए, कई पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई और कुछ को जिंदा जला दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे हालात में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं थी क्या। पूर्व प्रधानमंत्री ने मौजूदा शासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं की लगातार हत्या की जा रही है, उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है, गायब किया जा रहा है और झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि अब तक कम से कम 10 हजार लोग मारे गए हैं या लापता हैं तथा 10 लाख से अधिक लोगों को अज्ञात आरोपी बनाकर मुकदमों में शामिल किया गया है।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, 10 से अधिक बाईक चालकों का कटा चालान



**उंटारी रोड :** उंटारी रोड-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर बुधवार को पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी संतोष गिरी के नेतृत्व में चलाये गये अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का पालन कराने पर विशेष जोर दिया गया। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान में चारपहिया वाहनों की डिक्की की तलाशी ली गई। जबकि दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन संबंधी कागजात की जांच की गई। इस दौरान ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट तथा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले 10 से अधिक बाईक चालकों का चालान काटा गया। वाहन जांच अभियान की सूचना मिलते ही कई बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस वाले बाइक चालक वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेकर बचने का प्रयास करते नजर आये। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया विश्रामपुर थाना का भ्रमण



**विश्रामपुर :** नगर परिषद मुख्यालय संचालित रेड रोज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत विश्रामपुर थाना का दौरा किया। इस दौरान थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था तथा नागरिकों के अधिकार और कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा करना, कानून-व्यवस्था बनाये रखना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना है। उन्होंने बच्चों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस से संपर्क करने के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया। विद्यार्थियों ने थाना परिसर का भ्रमण कर पुलिस की कार्यशैली को नजदीक से देखा और विभिन्न विषयों पर जिज्ञासापूर्ण सवाल भी पूछे। विद्यालय की प्राचार्या पम्मी कुमारी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें कानून तथा प्रशासनिक व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी मिलती है। मौके पर विद्यालय की ओर से विकास कुमार, रुद्र नारायण, आर्यन कुमार, अंजली कुमारी, शिष्ट परवीन एवं संध्या कुमारी उपस्थित थी। वहीं थाना की ओर से थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे के साथ सैलाभ कुमार, संतोष राम, अखिलेश यादव तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## ड्राफ्ट मतदाता सूची सार्वजनिक



**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार एसआईआर अभियान 30 जून से शुरू होकर 29 जुलाई तक चला था। इसी के तहत तैयार की गई प्रारूप मतदाता सूची को आम जनता के अवलोकन के लिये प्रखंड कार्यालय सहित पंचायत स्तर पर प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर बीडीओ राकेश कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम, पता और अन्य विवरणों को प्रारूप सूची में अवश्य जांच लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया है या किसी प्रकार की त्रुटि है तो आगामी दावा और आपत्ति की अवधि में उसे दुरुस्त कराया जा सकता है। बीडीओ ने बताया कि सूची का प्रदर्शन सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से भी कराया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग करते हुये अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मौके पर पंचायत सचिव शाहिद अंसारी, प्रवीण पांडेय, नीतीश कुमार, अंजनी प्रसाद राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### दिशोम गुरु की जीवन चरित्र को प्रारंभिक एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

# वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को झारखंड के इतिहास, संस्कृति एवं उनके संघर्षों से परिचित कराना उद्देश्य

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** पद्म भूषण दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि के मौके पर झामुमो गढ़वा जिला इकाई ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन चरित्र को प्रारंभिक एवं इंटरमीडिएट शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में झामुमो गढ़वा जिला समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से सहानुभूतिपूर्वक सकारात्मक विचार करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रेषित मांग पत्र में कहा है कि महानायक पद्म भूषण से सम्मानित दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षपूर्ण जीवन चरित्र एवं उनके सामाजिक, राजनीतिक



तथा जनांदोलनों में दिये गये योगदान को प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट स्तर तक के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाये, ताकि वर्तमान एवं भावी पीढ़ी झारखंड के इतिहास, संस्कृति एवं उनके संघर्षों से परिचित हो सके। प्रत्येक वर्ष 11 जनवरी को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जयंती के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाय। साथ ही दिवस के पूर्व झारखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित सेमिनार, विचार-गोष्ठी तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाय। प्रत्येक वर्ष 4 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि के मौके पर राज्य स्तर पर झारखंड की संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाय, ताकि उनके आदर्शों एवं योगदान को सम्मान पूर्वक स्मरण किया जा सके। प्रेषित मांग पत्र में जिलाध्यक्ष शंभु राम, सचिव मो शरीफ अंसारी, अशरफी राम आदि के नाम शामिल हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)